केस स्टडी- 1 (जून-2023)

जारी तिथि : 24.06.2023

SPAD

घटनाक्रम:- दिनांक 21.06.23 को दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के NGP मण्डल में ट्रेन नं.: 20843 UP, लोको नं. 37479/AQ, लोड -22 B सेक्शन गंगाझारी–काचेवानी में खड़ी करते समय अप लाइन का ऑटो सिग्नल A115 लाल था, गाड़ी रुकने के 1 मिनट बाद सिग्नल A115 एक पीला हो गया, अगला सिग्नल A113 लाल था, परंतु सिग्नल के पास पहुँचने पर सिग्न A113 दो पीला हो गया और लोको पायलट ने 8-10 Kmph से उसे पार किया । अगला सिग्नल होम सिग्नल था, जो एक पीला था, उसके बाद लोको पायलट ने स्टेशन का एडवांस स्टार्टर सिग्नल को हरा देखकर, गाड़ी की गति को 40 से 45 Kmph तक बढ़ा दी । स्टेशन के बीच गाड़ी की गति 45 Kmph थी। दो OHE मास्ट के पहले जब कर्मीदल ने देखा कि स्टार्टर सिग्नल लाल है, तो उसने तुरंत एमेर्जेंसी ब्रेक लगाया परंतु गाड़ी स्टार्टर सिग्नल को "ऑन" स्थिति में पार करके (इंजिन व 1 कोच) खड़ी हुई। (समय 01.03 बजे)

(स्पेयर स्टाफ को उतारने के लिए स्टार्टर सिग्नल ऑन किया गया था, आगे सेक्शन क्लियर था)

संभावित कारण :-

- ❖ लोको पायलट ने एडवांस स्टार्टर सिग्नल का हरा संकेत देखकर गाड़ी की गति 45 Kmph तक बढ़ा दी, लोको पायलट शायद भूल गया कि पिछला सिग्नल को एक पीला संकेत के साथ पार करके आया है।
- ❖ होम सिग्नल एक पीला पास करने के बाद लोको पायलट द्वारा गाड़ी की गति बढ़ाने पर ALP द्वारा **RS** वाल्व न खोलना।
- ❖ सिग्नल संकेत के अनुसार गाड़ी की गति न रखना तथा सिग्नल के संकेत को लगातार न देखना।
- ❖ **ALP** द्वारा **LP** की गतिविधियों की निगरानी न करना और तदनुसार निवारक उपाय न करना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने के बाद, ALP ने LP को याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल है जब तक की वह भौतिक रूप से सत्यापित नहीं कर लेता, गाड़ी की गति न बढ़ाए एवं गाड़ी की गति को हमेशा नियंत्रण में रखें ।
- ✓ सिगनलो के संकेतो का कड़ाई से पालन करें व एक बार सिग्नल के संकेत दिखाई देने के बाद, उसे पार होने तक लगातार देखकर दोहराते रहें।
- ✓ सिगनलो के संकेतो का कड़ाई से पालन करें व ट्रेन की गति हमेशा सिग्नल के अनुसार नियंत्रण में रखें।
- ✓ कार्य के दौरान गाड़ी कण्ट्रोल करने में अति आत्मविश्वास ही **SPAD** का कारण बनता है। अतः एक पीला सिग्नल मिलने पर अगला सिग्नल लाल ही होगा, यह मानकर गाड़ी को कंट्रोल करें ।
- ✓ **ALP** को **LP** गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए व किसी भी खतरे की स्थिति को भांपते हुए तुरंत **RS** वाल्व खोल देना चाहिए।

(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।